प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- भारत के विकास को गति दे रहा है मध्य प्रदेश, कहा– केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा– प्रदेश में पर्यटन में निवेश के अनंत अवसर और असंख्य संभावनाएं।
- महाशिवरात्रि का पर्व आज प्रदेश भर में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा, शिव मंदिरों में लगा श्रद्धालुओं का तांता।
- प्रदेश भर में तापमान में उतार–चढ़ाव का दौर जारी।

**समाचार विस्तार से ..........**

**राष्ट्रपति आगमन**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित बागेश्वर धाम पहुंचकर सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होंगी। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अलावा कई क्रिकेटर,कलाकार और अन्य हस्तियां शामिल होंगी।

*सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन श्री बागेश्वर जन सेवा समिति ने छतरपुर जिला मुख्यालय से करीब 23 किलोमीटर दूर गढ़ा गांव में किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नवदंपतियों को अपना आशीर्वाद देंगी। सामूहिक विवाह में शामिल हो रही 251 लड़कियों में से करीब सवा दो सौ लड़कियां आदिवासी, दलित और ओबीसी वर्ग से हैं। इनमें मध्यप्रदेश के साथ उप्र, बिहार, महाराष्ट्र, झारखंड सहित विभिन्न राज्यों की लड़कियां शामिल हैं। राष्ट्रपति का यह दौरा न केवल धार्मिक और सामाजिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह बुंदेलखंड क्षेत्र के विकास के प्रयासों को भी गति प्रदान करेगा। इससे पहले 23 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बागेश्वर धाम में बनने वाले कैंसर अस्पताल की आधारशिला रखी थी।*

**इन्वेस्टर्स समिट समापन**

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भोपाल में सम्पन्न दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट सिर्फ मध्यप्रदेश की नहीं, यह देश की उपलब्धि है। उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहन देने के लिए उठाए गए कदम भारत के विकास को भी गति देने का कार्य कर रहे हैं। मध्य प्रदेश निश्चित ही प्रमुख उद्योग राज्य बनेगा। मध्यप्रदेश में निवेशकों में निवेश करने के प्रति विश्वास बढ़ा है। कल शाम भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन सत्र को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा–

*मध्यप्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य है, जिसने जनविश्वास अधिनियम, ईज ऑफ डूइंग के माध्यम से पहल की है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सूत्र वाक्य 'विरासत भी और विकास भी' को मध्यप्रदेश चरितार्थ कर रहा है। यह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट बहुत सफल रही है। इसकी सफलता के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनकी टीम बधाई और अभिनंदन की पात्र हैं।*

समिट के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बताया कि राज्य सरकार ने 2025 को उद्योग वर्ष घोषित किया है, इसलिए समिट के बाद निवेश और औद्योगिक निवेश के प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि पहले निवेशक अधिकारियों के पीछे भागते थे, लेकिन हमारी सरकार ने यह नीतिगत बदलाव किया है कि अब अधिकारी निवेशकों से संपर्क करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि इंदौर और भोपाल को मेट्रोपॉलिटन की तरह विकसित किया जाएगा। इसी के साथ प्रदेश के अन्य शहरों को इंदौर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 100 से अधिक उद्योगपति शामिल हुए। इसी तरह 60 से ज्यादा देशों और 300 से ज्यादा कंपनियों के सीईओ की भागीदारी रही। समिट में विभिन्न क्षेत्रों के कुल मिलाकर 25 हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए। दो दिन के समिट में कुल 30 लाख 77 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव मिले।

**मध्य प्रदेश पर्यटन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में पर्यटन में निवेश के अनंत अवसर और असंख्य संभावनाएं मौजूद हैं। पर्यटकों में निवेशकों के लिए सभी सुविधाएं और हर पर्यटक के लिए कुछ न कुछ खास अगर किसी प्रदेश में है तो वह मध्य प्रदेश है। प्रदेश में पर्यटन के बढ़ते हुए अवसरों और निवेश को देखते हुए मुझे विश्वास है कि आगामी समय में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट सिर्फ पर्यटन पर होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान टूरिज्म समिट को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पर्यटकों में विश्वास बढ़ाने के लिए नियमित वायु सेवा का संचालन शासन के निर्देशानुसार किया जा रहा है। सामान्य यात्रियों के लिए उचित दरों पर हवाई सेवा के अलावा आयुषमान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क और एम्बुलेंस की सुविधा प्रदेश में उपलब्ध है। वन्यजीव पर्यटन का अनुभव कराने के साथ साथ यहां पर्यावरण संरक्षण और सहअस्तित्व की अवधारणा पर कार्य किया जाता है।

**फिल्म पोस्टर मेकिंग चैलेंज**

सिनेमा के साथ भारत का ऐतिहासिक संबंध इसके पोस्टर्स में दिखाई देता है। वेव्स पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता के तहत 'क्रिएट इन इंडिया चैलेंज सीजन 1' के हिस्से के रूप में फिल्म पोस्टर मेकिंग चैलेंज की शुरूआत की गई है। यह शिखर सम्मेलन 1–4 मई, 2025 के दौरान मुंबई स्थित जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर और जियो वर्ल्ड गार्डन में आयोजित किया जाएगा। चार प्रमुख स्तंभों ब्रॉडकास्टिंग एवं इन्फोटेनमेंट, एवीजीसी–एक्सआर, डिजिटल मीडिया एवं इनोवेशन और फिल्म पर ध्यान केन्द्रित करते हुए, वेव्स भारत के मनोरंजन उद्योग के भविष्य को प्रदर्शित करने हेतु अग्रणी हस्तियों, रचनाकारों और प्रौद्योगिकीविदों को एक साथ लाया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीयन की आखिरी तारीख 15 मार्च है।

**महाशिवरात्रि पर्व**

महाशिवरात्रि का पर्व आज प्रदेश भर में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर शिव मंदिरों में तड़के से ही श्रद्धालुओं को तांता लगा है। उज्जैन के महाकाल मंदिर में दर्शन–पूजन की विशेष व्यवस्था की गई है। इंदौर जिले में शिव आराधना के पर्व महाशिवरात्रि के लिए सभी शिव मंदिरों में विशेष साज–सज्जा की गयी है। शिव मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं। इंदौर के देवगुराड़िया स्थित प्राचीनकालीन गुटकेश्वर महादेव मंदिर और पंढरीनाथ स्थित इंद्रेश्वर महादेव सहित सभी शिवालयों में सुबह से ही भक्त कतारबध्द होकर जलाभिषेक कर रहे हैं। ओंकारेश्वर, महेश्वर और धार महादेव मंदिरों में भी सुबह से ही श्रद्धालु दर्शन कर भगवान शिव को जलाभिषेक कर रहे हैं। आगरमालवा जिले के ऐतिहासिक शिवालय श्रीबैजनाथ महादेव मंदिर में आसपास और दूरस्थ क्षेत्रों के साथ ही अन्य प्रांतों के दर्शनार्थी भक्तजन बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। यहां भक्तों को 125 क्विंटल फलिहारी खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया जाएगा। रायसेन मैहर और सतना में भी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। नर्मदापुरम के सेठानी घाट पर सुबह से श्रद्धालु मां नर्मदा में स्नान के बाद पूजन–अर्चना कर रहे हैं।

**राज्यपाल दीक्षांत समारोह**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि भावी जीवन में कैरियर की सफलताओं में माता–पिता, गुरुजन और समाज के जरूरतमंद व्यक्ति के प्रति अपने कर्तव्यों को भूलना नहीं चाहिए। राज्यपाल श्री पटेल कल शहडोल में पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पालकों का संघर्ष, समाज के सबसे पिछड़े, गरीब व्यक्ति के आपकी शिक्षा–दीक्षा में योगदान की स्मृतियां सदैव बनी रहनी चाहिए। याद रहे कि आपकी शिक्षा–दीक्षा में इन सभी का प्रत्यक्ष और परोक्ष त्याग और सहयोग शामिल है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत शपथ सामाजिक दायित्वों का दस्तावेज है। भावी जीवन में इसे संभाल कर रखें। प्रतिदिन उसे दोहराएं और उसके अनुसार आचरण करें।

**मौसम**

राजधानी भोपाल सहित प्रदेश भर में तापमान में उतार–चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के सभी जिलों में मौसम शुष्क रहा। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान शाजापुर के गिरवर में आठ दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान भोपाल में अटठाइस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, आज प्रदेश के कई जिलों में तापमान 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। भोपाल में आसमान साफ रहेगा। हवा की गति 10 से 12 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है। प्रदेश में अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम 15 डिग्री सेल्सियस रह सकता है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .......**

- झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना ने कल जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

- पन्ना जिले मे राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत गत 10 से 14 फरवरी तक बूथ लगाकर फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया गया। जिले में अब तक कुल 9 लाख 48 हजार 880 व्यक्तियों को दवा का सेवन करवाया जा चुका है।

- लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए इंदौर पुलिस ने कल "आई लव ट्रैफिक रूल्स" शार्ट फिल्म को रिलीज किया। फिल्म के द्वारा ट्रैफिक नियमों का महत्व समझाने के साथ ही दुर्घटना में परिवार को टूटने से बचाने की सीख दी गई है।

- न्यूनतम समर्थन मूल्य पर इंदौर जिले में चना उपार्जन के लिये पंजीयन शुरू कर दिया गया हैं।

- डिंडोरी कलेक्टर की अध्यक्षता में आरईएस विभाग के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

--------